# 12वीं शताब्दी में राजा सारंगदेव ने बनवाया था नीलकण्ठेश्वर मंदिर

## सारंगपुर नगर के संस्थापक राजा सारंगदेव द्वारा बनवाया गया शिवमंदिर विरासत और आस्था प्रतीक

**एक अलौकिक विरासत का दिव्य प्रतीक**

**जहाँ आस्था का प्रत्येक स्पंदन शिवत्व से अनुप्राणित हो, वहाँ नीलकंठेश्वर का धाम स्वयं एक तपोभूमि बन जाता है**

**नवभारत न्यूज**

**सारंगपुर 20 जुलाई, सं.** नगर का नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर एक अलौकिक विरासत का दिव्य प्रतीक है. यहां आस्था का प्रत्येक स्पंदन शिवत्व से अनुप्राणित होता है. नीलकंठेश्वर का धाम स्वयं एक तपोभूमि है. पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में अवस्थित नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, जो नगर के प्राचीनतम शिवालयों में से एक है. संवत् 1234 में स्थापित यह मंदिर, तत्कालीन राजा शिवभक्त सारंगदेव की शिवभक्ति एवं स्थापत्य दृष्टि का मूर्त प्रतीक है. राजा सारंगदेव ने 12 वीं शताब्दी में नगर में अनेक शिवालयों की स्थापना कराई, जिनमें यह शिवधाम प्रमुख स्थान रखता है.



### वास्तु एवं दिव्यता

मंदिर का स्थापत्यशास्त्र ऐसा है जो भक्त की दृष्टि को स्थिर कर देता है और मन को शिवमय कर देता है . गर्भगृह में स्थित स्वयंभू शिवलिंग अपने गले में धातु निर्मित नाग को धारण किए हुए विराजमान हैं . सभा मंडप में नंदी महाराज ध्यानमग्न मुद्रा में प्रतीक्षा करते हैं . मंदिर के प्रांगण में विद्यमान वटवृक्ष ( पीपल ), जिसे कल्पवृक्ष माना गया है .

### धार्मिक महत्ता एवं आस्था की अनुभूति

यह मंदिर केवल पत्थरों की रचना नहीं, अपितु भावनाओं की जीवंत प्रतिमा है. श्रद्धालु यहाँ बिल्वपत्र, गंगाजल, धतूरा, नारियल, फूल एवं मिष्ठान्न अर्पित करते हैं. यह केवल भौतिक अर्पण नहीं होता, बल्कि मन, वचन और कर्म से शिव को समर्पण की दिव्य अभिव्यक्ति होती है. नीलकंठेश्वर महादेव की ख्याति क्षेत्रभर में एक चमत्कारिक शिवधाम के रूप में है. अनेक श्रद्धालुओं ने अपने जीवन में इस महादेव के चमत्कारों को प्रत्यक्ष अनुभव किया है. श्रावण मास आते ही यह स्थल एक आध्यात्मिक उत्सव–स्थली बन जाता है. प्रतिदिन हज़ारों श्रद्धालु यहाँ पहुँचते हैं.


### कांवड़ यात्राएं निकल रही

विदित है कि श्रावण माह में प्रतिदिन मंदिरों में धार्मिक आयोजन हो रहे है तो वहीं जिले भर में कांवड़ यात्राएं निकाली जा रही है. कई किमी पैदल चलकर श्रद्धालु कांवड़ में जल लाकर जलाभिषेक कर रहे है.

## नरसिंहगढ़ में रविवार रही भीड़



सोमवार के एक दिन पूर्व ही नरसिंहगढ़ में भारी भीड़ रही. श्रावण माह एवं अवकाश का दिन होने से हजारों की संख्या में लोग नरसिंहगढ़ पहुंचे. जबकि आज सोमवार को नरसिंहगढ़ स्थित बड़े एवं छोटे महादेव मंदिर, शिवालयों, शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है. नरसिंहगढ़ में श्रावण माह में मेला लगा हुआ है. जिसमे विभिन्न प्रकार की दुकाने, झूले सहित बच्चो के मनोरंजन के साधन आये हुए है.



## श्रावण के दूसरे सोमवार गूंजेंगे जयकारे

**ब्यावरा 20 जुलाई, का.** आज से सावन माह के दूसरे सोमवार शिव मंदिरों, प्राचीन शिवालयों में धार्मिक अनुष्ठान, आयोजन होंगे. चहुंऔर जयकारें, भजनों की गूंज सुनाई देगी. दर्शन, पूजा–अर्चना करने भक्तो का तांता लग जाएगा. प्रातः से ही शिवालयों, शिव मंदिरों में अभिषेक का सिलसिला प्रारंभ हो जाएगा. धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत होगी. हाथीखाना, किल्लेवाला घाट, बस स्टेण्ड के सामने सेठजी के बगीचे स्थित प्राचीन शिवालयों, श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर द्धाद्दश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव सहित नगर के शिव मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान, आकर्षक श्रृंगार, महाआरती, भजन–कीर्तन के आयोजन होंगे. इसी प्रकार सुठालिया रोड पर घुरेल स्थित भगवान पशुपतिनाथ मंदिर धाम पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे. राजगढ़ से कुछ दूरी पर स्थित प्रसिद्ध खोयरी धाम पर भगवान भोलेनाथ के दर्शन, पूजा अर्चना करने जिले भर से श्रद्धालु पहुंच रहे है.

## एक नजर में

### बाबा बैजनाथ की पालकी यात्रा 4 को

**नरसिंहगढ़ 20 जुलाई, सं.** श्रावण माह के पावन अवसर पर हर बार की तरह इस बार भी नरसिंहगढ़ में 4 अगस्त को बाबा बैजनाथ की ऐतिहासिक पालकी यात्रा निकाली जाएगी जिसकी व्यापक तैयारियां जारी है . विदित है कि बीते 11 वर्षो से नरसिंहगढ़ में बाबा बैजनाथ की पालकी यात्रा धूमधाम से निकाली जा रही है . इस बार 4 अगस्त को प्रातः 11 बजे महाआरती के बाद बड़े महादेव मंदिर धाम से पालकी यात्रा प्रारंभ होगी. बैंडबाजे, ढोल–ढमाके, डमरु, जयकारों के बीच पालकी यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होकर गुजरेगी . यात्रा का नगर भर में पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जाता है . पालकी यात्रा के दौरान जमकर आतिशबाजी की जाती है . भ्रमण कर पालकी यात्रा पुनः बड़े महादेव मंदिर धाम पहुंचती है . स्थान–स्थान पर प्रसादी वितरण किया जाता है . पालकी यात्रा को लेकर हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में जोरशार के साथ तैयारी चल रही है . घर, दुकान, प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर पीले चावल देते हुए आमंत्रण दिया जा रहा है .

### सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक हुई

**जीरापुर 20 जुलाई, सं .** पुलिस थाना परिसर स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई . जिसमें विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई तथा आगामी धार्मिक आयोजन मनायें जाने पर विचार किया . इसी दौरान समिति के माध्यम से मंदिर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को व्यवस्थित एवं हर्षोल्लास से मनाया जाने का तय किया . तथा मंदिर समिति में पदेन अध्यक्ष थाना प्रभारी रहेंगे . सचिव पद पर राजेश गुप्ता नाना, कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता परोलिया सहित संरक्षक रामेश्वर टांक मोहनसिंह राजपूत, रामचंद्र सोनी, मुरलीधर वर्मा, दिनेश जमींदार, गिरीराज गुप्ता , हेमंत जोशी , गिरीराज सिंगी, मुरली टांक, शिवप्रसाद मेरोठा, रामनारायण सोनी, देवकीनंदन जमींदार, बंकट माहेश्वरी को बनाया गया जो मंदिर व्यवस्था को को सुचारू अंजाम देने में अपनी अहम भूमिका निभायेंगे . मंदिर की दान पेटी वर्ष में दो बार खोली जायेंगी जिसके लिए सदस्य के नाम भी तय किए गए . किसी भी प्रकार के हाल में होने वाले कार्यक्रमों की चाहें वह निजी या सामुहिक आयोजन हो पांच सो रूपए की रसीद चार्ज लगेगा एवं तीन सौ रूपए सफाई चार्ज अग्रिम लिया जाएगा .

### मेडतवाल समाज के चुनाव सम्पन्न

**खिलचीपुर 20 जुलाई, सं .** नगर में मेडतवाल वैश्य समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों के चुनाव रविवार दोपहर मेडतवाल धर्मशाला में निर्विरोध निर्वाचन हुआ . चुनाव अधिकारी रमेशचंद गुप्ता ने बताया कि अध्यक्ष पद पर हिमांशु गुप्ता,उपाध्यक्ष मनोज सिंगी,संजय भगत,सचिव अनिल घटिया, सहसचिव सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु गुप्ता, मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता का निर्विरोध निर्वाचन हुआ . समाज जानो ने निर्वाचित पदाधिकारियों का पुष्पहारों से स्वागत किया . वही शनिवार को कार्यकारिणी सदस्य के 42 उम्मीदवारों में से चुनाव के माध्यम से 27 सदस्य निर्वाचित हुए . वोटो की गिनती के बाद शनिवार रविवार की मध्य रात्रि 3 बजे मतों की गिनती के बाद निर्वाचन अधिकारी ने 27 सदस्यों के निर्वाचन की घोषणा की . ही तीन महिलाएं पूर्व में कार्यकारिणी सदस्य में निर्विरोध निर्वाचित हुई थी . चुनाव को निष्पक्ष रूप से संपादित करने में निर्वाचन अधिकारी रमेशचंद्र गुप्ता, सहा निर्वाचन अधिकारी गिरीश गुप्ता वकील, गिरिराज गुप्ता प्रखर भंडारी, नरेंद्र गुप्ता, अंकित गुप्ता, ध्यानेश गुप्ता, प्रकाशचंद्र सिंगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही .



## नपा अमले के लौटते ही स्थिति जस की तस

### हाथ ठेले, सड़क पर लगी दुकानों को हटाया

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 20 जुलाई, का.** नगर की बाजार बैठक एवं यातायात व्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ाई हुई है. काफी प्रयासों के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं आना चिंता का विषय है. नपा प्रशासन का अमला व्यवस्था सुधारने बाजार में निकलता तो है किंतु अमले के लौटते ही हालात जस के तस नजर आने लगते है. ऐसा ही कुछ रविवार को देखने को मिला नपा का अमला व्यवस्था सुधारने निकला. जैसे ही अमला लौटा पहले की तरह ही सड़क पर ठेले, दुकानें नजर आने लगे.

रविवार को नपा अमले ने मुख्य नपाधिकारी के नेतृत्व में राजगढ़ रोड, पीपल चौराहा, पुराना ए.बी.रोड पर लगे ठेले, सड़क पर लगी सब्जी दुकानो को हटाकर उन्हें उनके निर्धारित स्थान पर लगाने की हिदायत दी.

**अब सामान जप्त होगा** नपा अमले ने आज हिदायत देते हुए कहा कि अब यदि कोई सड़क पर ठेला, सब्जी की दुकान लगाते हुए नजर आया तो सीधे सामान जप्त करने की कार्यवाई की जाएगी.

**समूचे रोड को घेरा** राजगढ़ रोड पर शासकीय बड़े स्कूल के सामने जहां पैवर्स लगाए गये थे वह स्थान आज पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में दिखाई देता है. हाथ ठेले, दुकान यहां लगी देखी जा सकती है. इसी प्रकार सब्जी मण्डी के सामने भी ठेले, दुकाने लगी देखी जा सकती है. कुछ यही हाल पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा, अहिंसा द्वार चौराहा पर देखे जा सकते है.

**आवागमन होता प्रभावित** प्रायः देखने में आता है कि कार्यवाई के बाद जैसे ही नपा का अमला लौटता है वापस सड़क पर ठेले, दुकानें लग जाती है. सड़क के बीच लगे अव्यवस्थित हाथ ठेले, दुकानों के कारण आवागन प्रभावित होता है.

**सड़क के बीच लगते ठेले** नगर में काफी व्यस्त यातायात रहता है. यहां की बाजार बैठक एवं यातायात व्यवस्था के सुचारु नहीं होने से हर दिन जाम लगते है. एक और परेशानी का कारण यह है कि सड़क के बीच रोड क्रॉस वाली जगह पर भी ठेले, वाहन खड़े रहते है जिससे राहगीरों का एक साइड से दूसरी तरफ आने–जाने में बहुत तकलीफ का सामना करना पड़ता है. ऐस हालात श्री बालाजी मंदिर के सामने, गुड चौराहा पर देखे जा सकते है.

## कावड़यात्रा निकाली, खोयरी पर जल चढ़ाया

**राजगढ़ 20 जुलाई, का.** आज वार्ड नंबर 4 कालाखेत से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई जो कल खेत मंदिर से प्रारंभ होकर छोटे पुल से होती हुई खोयरी मंदिर पर शिव अभिषेक के बाद समाप्त जिसमें पार्षद वार्ड नंबर 4 सरोज कटारिया सुगन मालवीय सरोज कटारिया एवं अन्य महिलाएं उपस्थिति रही.

## विद्यार्थियों को नशे और मोबाइल से होने वाले नुकसान गिनाए

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 20 जुलाई, का.** केरिअर कान्वेंट स्कूल राजगढ़ में नशा मुक्ति अभियान के तहत विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसानों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अपने परिवार के सदस्यों को नशे से दूर रहने , नशा नहीं करने तथा जो लोग नशा करते हैं उन्हें इसकी आदत छुड़वाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया. आज का कार्यक्रम मध्यप्रदेश पुलिस के आदेश के परिपालन में संस्था में उपस्थित हुए इंस्पेक्टर संजय ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ. जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति में अपना सहयोग देने की शपथ दिलाई. बच्चों को अपराध की श्रेणियों से परिचय कराया तथा मोबाइल के दुरुपयोग से दूर रहने की भी समझाईश दी. इस अवसर पर संस्था के संचालक राकेश पाण्डे ने भी बच्चों को समझाते हुए कहा कि एक नशा मुक्त तथा अपराध मुक्त शिक्षित नागरिक ही देश को मजबूत बना सकता है.

अंत में बच्चों ने अपने परिवार में किसी भी प्रकार का नशा करने वाले परिजन को नशे से दूर करने का संकल्प लिया तो संस्था संचालक ने ऐसा करने पर नशा छोड़ने वाले परिजन तथा उसके लिए प्रयास करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की.




## पेंशनरों ने की चिकित्सा भत्ता देने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**जीरापुर 20 जुलाई, सं. स्थानीय पेंशनर भवन में पेंशनर्स संघ की बैठक में वर्ष भर की गतिविधियों पर चर्चा की. अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने वर्ष 2024--2025 का आय व्यय प्रस्तुत किया जिसे सर्वानुमति से अनुमोदित करते हुए निर्णय लिया की शासन से चिकित्सा भत्ता, केंद्रीय दर महंगाई भत्ता देने, धारा 49 की समाप्ति सहित अन्य सुविधाएं लागू करने की मांग की जाए.**

बैठक की अध्यक्षता पूर्व एसडीएम आरएन कुशवाहा ने की. बैठक में ठाकुर मोहन सिंह जमींदार, सुरेश भावसार, मोहनलाल हिंडोनिया, चुन्नीलाल कुशवाहा, जेसी गुप्ता, ओम गुप्ता, देवीलाल चौहान, रामबाबू शर्मा, मोहनलाल स्वर्णकार, शिवनारायण मंडलोई सहित अन्य पेंशनर उपस्थित रहे.

## नुक्कड़ नाटक से दिया नशा न करने का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 20 जुलाई, का. नशा नाश का कारण है इसी संदेश को लेकर अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की पीस वॉलंटियर वंदना एवं उनके युवा मंच द्वारा ग्राम देवली कलां के चौक पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया.**

इस आयोजन ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया, जब मंच की किशोरियों ने दारू, गांजा, अफीम, गुटखा और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों को नाटक के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया.

नाटक की प्रस्तुति में युवतियों ने बताया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है. इस अवसर पर कालीपीठ थाना पुलिस और अहिंसा टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे.





## बाबा महाकाल की पालकी निकाली

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 20 जुलाई, का.** श्रावण मास में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी राजगढ़ नगर के पातालेश्वर हनुमान मंदिर समिति द्वारा बाबा भोलेनाथ की पालकी यात्रा निकाली गई.

पालकी में झांकी ढोल एवं डीजे के साथ पूरा कॉलोनी का भ्रमण करने बाबा भोलेनाथ पालकी में बैठकर निकले. इसमें कॉलोनी के सभी भक्तगण उत्साह पूर्वक शामिल हुए. डीजे ढोलकी थाप पर नृत्य करते हुए आनंद लिया एवं बाबा भोलेनाथ कि प्रत्येक घर पर पूजा अर्चना की गई.

यह कार्यक्रम 3 बजे से सायंकाल 7 बजे तक आयोजित किया गया एवं 7 बजे महाआरती के साथ मंदिर पर महाप्रसादी का आयोजन रखा गया. जिसमें कॉलोनी के समस्त परिवार सम्मिलित हुए. इसमें प्रमुख रूप से आलोक शिवहरे, संदीप सोनी, अजय शर्मा, राधेश्याम नामदेव, कैलाश गुप्ता, दिलीप उपाध्याय, शर्मा, त्रिलोक विजयवर्गीय, पवन नामदेव, सनी दुबे, संतोष सक्सेना, अर्पित सक्सेना, चुना सक्सेनाएवं मयंक गुप्ता व्यवस्थापक के रूप में उपस्थित रहे.

**हादसा** नरसिंहगढ़–कुरावर मार्ग स्थित झाडला जोड़ पर हुआ हादसा, घटना के बाद वाहन लेकर चालक मौके पर से फरार

# हाईवे : गौवंश पर चढ़ा ट्रक, 3 गायों की मौत

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा/कुरावर 20 जुलाई, सं. हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, सड़क, चौराहों पर रहने को मजबूर है. आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंश की दर्दनाक मौत हो रही है. ताजा घटनाक्रम में नरसिंहगढ- कुरावर के मध्य झाडला जोड़ के यहां बीती रात्रि को अज्ञात वाहन की टक्कर से 3 गायों की दर्दनाक मौत हो गई. ट्रक के साथ एक गाय 200 मीटर तक घिसटाते हुए गई. घटना के बाद वाहन लेकर चालक मौके पर से फरार हो गया.**

जानकारी के अनुसार शनिवार–रविवार की मध्य रात्रि करीब 2 बज झाडला जोड़ स्थित हाईवे पर बैठे गौवंश को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया. जिससे 2 गौवंश ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.



### नहीं हो पा रही गौवंश की सुरक्षा

शासन, प्रशासन के सख्त निर्देशों, लाख दावों के बाद भी बेसहारा गौवंश सुरक्षित नहीं हो पा रहा है . हजारों की संख्या में बेसहारा गौवंश हाईवे, स्टेट हाईवे, सड़क, चौराहों पर है . दिन में वाहन चालकों को यह नजर आ जाते है किंतु रात के अंधेरे में खतरा अधिक रहता है . आये दिन सड़क दुर्घटनाओं में गौवंश की जान पर बन आ रही है .

### केबिन में फंसी गाय

वाहन की टक्कर से गौवंश की दर्दनाक मौत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक गाय ट्रक के केबिन में फंस गई, ट्रक के साथ करीब 200 मीटर तक गाय घिसटाते हुए गई. आसपास होटल पर कुछ लोग आवाज सुनकर जाग उठे जब तक वह वाहन के समीप पहुंचते चालक द्वारा ट्रक में फंसी गाय को निकालकर वाहन लेकर फरार हो गया. गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.

### टोल प्लाजा कर्मचारियों की ड्यूटी

जानकारी के अनुसार हाईवे पर रहने वाले गौवंश को एक और सुरक्षित करने हेतु टोल प्लाजा द्वारा अपने कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई हुई है. बताया जाता है कि भोपाल से झाडला जोड़ तथा ब्यावरा से झाड़ला जोड़ के बीच दो वाहन सतत् रुप से हाईवे की देखरेख में रहते है. इन पर तैनात कर्मचारियों की ड्यूटी रहती है कि हाईवे पर मौजूद बेसहारा गौवंश को एक और करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं से उनको बचाया जा सके किंतु देखने में आता है कि हाईवे पर सैकड़ो की संख्या में गौवंश के झुंड के झुंड देखे जा सकते है.

### दो दिन पूर्व ही दो गायों की मौत

जानकारी के अनुसार झाडला जोड़ पर ही दो दिन पूर्व ही रात्रि के समय अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गाय और एक बछड़े की दर्दनाक मौत हो गई थी . कुरावर संवाददाता के अनुसार गत दिवस एक चार पहिया वाहन ने शहर के मध्य मेन मार्केट में एक बछड़े को टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई . पुलिस ने वाहन को जप्त कर लिया था . सुठालिया संवाददाता के अनुसार गत दिवस एक घटनाक्रम में सुठालिया स्थित ब्यावरा रोड पर थाने के सामने एक यात्री बस ने गाय को टक्कर मार दी थी जिससे गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया . घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया था .

## श्रद्धालुओं को मिला त्वरित इलाज

**सारंगपुर 21 जुलाई, सं .** प्रसिद्ध संत कमल किशोर महाराज के सान्निध्य में ग्राम सेमली स्थित श्री हाटकेश्वर धाम पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु 108 एंबुलेंस सेवा की तैनाती की गई . कथा स्थल पर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए . इस दौरान यदि किसी की तबीयत बिगड़ती, तो 108 सेवा के माध्यम से तत्काल उपचार हेतु नजदीकी अस्पताल या आश्रम ले जाया गया . सेवा में एम्बुलेंस चालक मुकेश मालवीय और ईएमटी रामबाबू दांगी ने 24 घंटे ड्यूटी निभाई और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता प्रदान की . उनकी तत्परता और सेवाभाव की श्रद्धालुओं व आयोजकों ने सराहना की . इस तरह की व्यवस्था से आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य संबंधी चिंता कम हुई और श्रद्धालुओं ने निश्चिंत होकर कथा का लाभ लिया .